प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से सीआरपीएफ का जवान शहीद, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने रांची में दी श्रद्धांजलि।
- रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने मुरी में वन नेशन वन इलेक्शन पर संगोष्ठी को किया संबोधित, सिल्ली में योग कार्यक्रम में हुए शामिल।
- खूंटी में राज्यस्तरीय कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण शिविर आयोजित, हाईकोर्ट के न्यायाधीश भी हुए शामिल, लाभुकों के बीच करीब 19 करोड़ रुपये की परिसंपतियां वितरित।
- नीट यूजी का परीक्षा परिणाम जारी, हिमांशु कुमार बने झारखंड टॉपर, राजस्थान के महेश कुमार को देशभर में शीर्ष स्थान।
- राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ आयोजन कराने के लिए झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को देशभर में मिला दूसरा स्थान।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान आज आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीआरपीएफ के जवान सत्यवान कुमार शहीद हो गये। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड–ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित ओड़िशा के केवलांग थाना क्षेत्र के जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाये गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से सीआरपीएफ के जवान सत्यवान कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल अवस्था में उन्हें राउरकेला ले जाया गया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

इधर रांची के धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैम्प में शहीद जवान को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

*******************

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आज राजधानी रांची के समीप मुरी अंतर्गत सिंगपुर नर्सिंग होम में एक राष्ट्र एक चुनाव पर संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में एक राष्ट्र एक चुनाव पर सहमति बनती दिख रही है जो विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि प्रदान करेगा। श्री सेठ ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव देशहित में है तथा इससे समय और संसाधन की बचत होगी। श्री सेठ सिल्ली में योग दिवस के पूर्व आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस दौरान स्कूली बच्चों ने उम्दा योग का प्रदर्शन किया।

*******************

भारतीय जनता पार्टी ने जेटेट को लेकर राज्य सरकार गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार मंडल ने आज रांची में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि गोड्डा में अंगिका और कुड़माली, पलामू में भोजपुरी और खूंटी में मुंडारी भाषा के बहुसंख्यक लोग हैं। इसके बावजूद इन सभी जिलों में जेटेट भाषा नियमावली में बहुसंख्यक बोली जाने वाली भाषाओं को हटा दिया गया है।

*******************

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आज हूल दिवस पर आयोजित होनेवाले पदयात्रा और संविधान बचाओ अभियान के समापन को लेकर बैठक की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री महतो ने बताया कि अट्ठाईस जून को पाकुड़ में संविधान बचाओ अभियान के समापन को लेकर रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

*******************

फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने चैंबर भवन में सांसद निधि से नया लिफ्ट लगाने की स्वीकृति के लिए सांसद के प्रति आभार जताया। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि सांसद के इस पहल से संगठन की सुविधाओं में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग ने सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर ही सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया है। इसके कारण राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि होगी। श्री कुमार ने आज जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

*******************

खूंटी जिले के बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम में आज राज्य स्तरीय कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी, जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान 300 लाभुकों के बीच विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की करीब 19 करोड़ रूपये से अधिक की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

*******************

जामताड़ा पुलिस ने दो अलग–अलग लूटकांड मामले का खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इधर गुमला सदर अस्पताल से नवजात चोरी मामले में पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार कर लिया है और नवजात को सकुशल बरामद कर लिया है। उधर पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र में एक मवेशी व्यापारी के साथ लूटपाट मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से लूटे गए पच्चीस हजार रुपए तथा मोटरसाइकिल बरामद किया है।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अब कुछ ही दिन शेष हैं। इस सिलसिले में आज नई दिल्ली में वैश्विक शिखर सम्मेलन योग कनेक्ट का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा कि योग वैश्विक कल्याण के प्रति भारत की महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि योग सिर्फ बीमारियों से बचाव ही नहीं करता, बल्कि रोजगार के नये अवसर भी प्रदान करता है।

*******************

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, नीट यूजी का परिणाम जारी कर दिया गया है। इसमें राजस्थान के महेश अग्रवाल को पहली रैंक हासिल हुई है, जबकि मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया दूसरे और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी ने तीसरा रैंक हासिल किया। इधर झारखंड के हिमांशु कुमार ने एक सौ चौंतीसवां रैंक लाकर स्टेट टॉपर बने हैं। नीट यूजी में बाइस लाख नौ हजार तीन सौ अठारह विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें से बारह लाख से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है।

*******************

राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ आयोजन कराने के लिए झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को देशभर में दूसरा स्थान हासिल हुआ है। नई दिल्ली में एसजीएफआई की वार्षिक बैठक में झारखंड को यह सम्मान मिला। झारखंड की ओर से खेल प्रभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग और खेल कोषांग के चंद्रदेव सिंह ने यह सम्मान प्राप्त किया।

*******समाप्त********